संख्या-11014/2/2013-हिंदी

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

रोजगार महानिदेशालय

******

श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली

दिनांकः १९ जुलाई, 2016

परिपत्र

विषयः रोजगार महानिदेशालय में सुयोग्य, अर्ह एवं अनुभव प्राप्त व्यक्ति को अस्थाई रूप से अनुबंध आधार पर हिंदी अनुवादक/परामर्शदाता (हिंदी) के रूप में रखना।

इस महानिदेशालय में अनुवादक के एक रिक्त पद को वैकल्पिक आधार पर भरने के लिए सुयोग्य, अर्ह एवं अनुभव प्राप्त व्यक्ति को अनुबंध आधार पर हिंदी अनुवादक/परामर्शदाता (हिंदी) के रूप में छह माह अथवा नियमित उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने तक, जो भी पहले हो, के लिए रखने का निर्णय लिया गया है जिसके लिए चयनित व्यक्ति को प्रति माह 24000/- रुपए के समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी और चयनित व्यक्ति को महानिदेशालय में नियमित नियुक्ति पाने का कोई अधिकार नहीं होगा। उपयुक्त उम्मीदवार का चयन अनुवाद संबंधी लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। नियम और शर्तों का ब्यौरा अनुबंध "क" में दिया गया है।

2. उक्त रिक्त पद पर नियमित अनुवादक के कार्यभार ग्रहण करने पर अनुबंध आधार पर रखे गए अनुवादक/परामर्शदाता की सेवाएं स्वतः ही समाप्त समझी जाएंगी। नियमित अनुवादक के कार्यभार ग्रहण करने में विलम्ब की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन मिलने पर अनुबंध की अवधि में विस्तार भी किया जा सकता है।

3. इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से एक माह के अंदर उप निदेशक (रा.भा.) रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, कमरा नं. 335, सी विंग, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली-110001 को उपलब्ध करा दें।

(हस्ताक्षर) 19.07.16

(एम.एस.कलोनियां)

उप सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपिः

1. रोजगार महानिदेशालय के समस्त अधिकारी/ अनुभाग
2. रोजगार महानिदेशालय के समस्त अधीनस्थ कार्यालय
3. श्रम और रोजगार मंत्रालय के समस्त अधिकारी/अनुभाग
4. श्रम और रोजगार मंत्रालय के समस्त संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय
5. एनआईसी, (कृपया इस परिपत्र को श्रम और रोजगार मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें
6. श्री आकिब जावेद, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी –I, रोजगार महानिदेशालय, जामनगर हाउस, नई दिल्ली (कृपया इस परिपत्र को व्यापक प्रचार के लिए एनसीएस पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था करें)
7. राजभाषा विभाग, नई दिल्ली
8. नोटिस बोर्ड

D:\2016\section\hindi section\hindi translator on contract\Hindi translator on contract.docx

नियम और शर्तें

(1) नियुक्ति की अवधिः हिंदी अनुवादक/परामर्शदाता (हिंदी) के रूप में नियुक्ति प्रारंभ में छह माह की अवधि के लिए अथवा नियमित अनुवादक के उपलब्ध हो जाने, इनमें से जो भी पहले हो, तक के लिए होगी। तथापि इस नियुक्ति को कोई कारण बताए बिना किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

(2) पात्रताः शैक्षिक योग्यताओं एवं अनुवाद अनुभव संबंधी शर्तों को पूरा करने वाले व्यक्ति।

(3) शैक्षिक योग्यताएं :

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में परीक्षा के रूप में अंग्रेजी या हिंदी विषय के साथ हिंदी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या डिग्री स्तर पर परीक्षा के माध्यम रूप में अंग्रेजी या हिंदी विषय के साथ हिंदी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री।

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी या अंग्रेजी परीक्षा के रूप में उनमें से किसी विषय और अन्य विषय अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी या अंग्रेजी से भिन्न किसी विषय में मास्टर डिग्री।

(4) अनुभवः हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/प्रमाणपत्र या केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों सहित भारत सरकार के उपक्रम में हिंदी से अंग्रेजी में या अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव।

(5) पारिश्रमिकः पूर्णकालिक परामर्शदाता के रूप में 24,000/- रुपए के समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

(6) चयनित व्यक्ति किसी अन्य भत्ते (जैसे यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ता/मकान किराया भत्ता इत्यादि) के लिए पात्र नहीं होगा।

(7) चयनित व्यक्ति कैलेंडर वर्ष में यथानुपात 8 दिन के अवकाश के लिए पात्र होगा।

(8) चयनित व्यक्ति से अंग्रेजी से हिंदी और विलोमतः अनुवाद के अतिरिक्त राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में समुचित सहयोग करना अपेक्षित होगा। समयबद्ध सरकारी कार्य के संबंध में देर रात तक रुकना पड़ सकता है और अवकाश के दिन कार्यालय आना पड़ सकता है।

(9) आवेदकों को संलग्न अनुबंध "ख" में दिए गए प्रपत्र में आवेदन करना होगा।

अनुबंध-'ख'

अनुबंध आधार पर हिंदी अनुवादक/परामर्शदाता (हिंदी) के पद हेतु आवेदन

कृपया अपना नवीनतम फोटो चिपकाएं

1.	भर्ती का तरीका	:	अनुबंध आधार पर
2.	आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	:	____________
3.	पिता/पति का नाम	:	____________
4.	ईस्वी सन् में जन्म तिथि	:	______वर्ष______ महीना______दिन
5.	स्थायी पता (पिन कोड सहित)	:	____________ ____________ ____________
6.	संपर्क पता (पिन कोड सहित)	:	____________ ____________ ____________
7.	ई-मेल पता, दूरभाष नंबर	:	____________
8.	मोबाइल नंबर	:	____________

9. स्नातक तथा इससे आगे की शैक्षिक अर्हता का ब्यौरा :

क्रम संख्या	(1)	(2)	(3)
क. परीक्षा उत्तीर्ण			
ख. उत्तीर्ण करने का वर्ष			
ग. कॉलेज/संस्थान का नाम			
घ. विश्वविद्यालय/ बोर्ड			
ङ. मुख्य विषय			
च. कुल योग एवं प्राप्तांक का प्रतिशत, श्रेणी एवं टिप्पणी, यदि कोई हो			

10. अनुवाद अनुभव का ब्यौरा :

दिनांक: (आवेदक के हस्ताक्षर)